55/07-01-2021

दिनांक– 06.01.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही। 19

उपस्थितिः– यथा पंजी संधारित।

दिनांक– 06.01.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा दिनांक– 23.12.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन कर एवं समीक्षोपरांत निम्नाकिंत निदेश दिए गए :–

**(i) DILRMP के तहत भारत सरकार को समर्पित किए जाने वाले प्रस्तावों के संबंध में** :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के बी0पी0एम0यू0 द्वारा दिनांक– 29.12.2020 को नई दिल्ली में भारत सरकार के साथ समर्पित प्रस्तावों के संबंध में की गई बैठक का विवरण उपस्थापित किया गया। प्रतिवेदित किया गया कि निदेशानुसार पूर्व में समर्पित किए गए प्रस्तावों को संशोधित कर पुनः समर्पित किया जाना है।

निदेश दिया गया कि DILRMP के तहत भारत सरकार को समर्पित किए जाने वाले प्रस्तावों को संशोधित कर आगामी समीक्षात्मक बैठक की पूर्व भेजना सुनिश्चित किया जाए।

**(ii) नवपदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारियों को जिलों में वाहन उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा जा चुका है एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा भी जिलों को पत्र दिया गया है।

निदेश दिया गया कि वर्त्तमान समय में प्रशिक्षण में उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों से जिला स्तरीय आवश्यक वांछित सुविधाओं के संबंध में प्रस्ताव/मंतव्य प्राप्त कर लिया जाए एवं सक्षम प्राधिकार को पत्र दिया जाए। बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिला एवं आई0जी0 (सुरक्षा) को भी अनुरोध पत्र देने का भी निदेश दिया गया।

**(iii) नवपदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारियों का राज्यस्तरीय प्रशिक्षण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार (दिनांक– 04.01.2021 से 08.01.2021 तक) चल रहा है। अपर मुख्य सचिव के निदेश के आलोक में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिनांक– 11.01.2021 तक विस्तारित किया गया है, जिसमें दिनांक– 11.01.2021 को नालंदा का भ्रमण कार्यक्रम सम्मिलित है।

निदेश दिया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारियों के राज्यस्तरीय साप्ताहिक अनुश्रवण के लिए अलग से MIS सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जाए। साथ ही प्रत्येक माह में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं बंदोबस्त कार्यालय के प्रधान लिपिक की राज्यस्तरीय मासिक बैठक का प्रस्ताव भी उपस्थापित किया जाए।

**(iv) भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के संदर्भ में कमिटी का गठन कर बैठक के संबंध में**:– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि अपर मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निदेश के अनुपालन में कमिटी का गठन कर बैठक की गई है, जिसकी कार्यवाही विभागीय स्तर से अप्राप्त है।

निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र विभाग से कार्यवाही की प्रति प्राप्त कर कार्यवाही के प्रस्तावों के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

**(v) ETS क्रय हेतु विशिष्टता का निर्धारण** :– प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक– 30.12.2020 को तकनीकी परामर्शदातृ समिति की बैठक में ETS आपूर्ति करने वाली कम्पनियों के द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण के पश्चात समिति द्वारा सर्वेक्षण कार्यों के अनुरूप ETS की विशिष्टताओं का निर्धारण किया गया। समिति की कार्यवाही भी उपस्थापित की गई।

निदेश दिया गया कि तकनीकी परामर्शदातृ समिति द्वारा ETS की विशिष्टताओं के संबंध में लिए गए निर्णय का अनुमोदन करा लिया जाए एवं आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

**(vi) विशेष सर्वेक्षण में प्रयुक्त पिलर की संरचना एवं दरः**– बैठक में बताया गया कि इस संबंध में माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के समक्ष संचिका उपस्थापित है।

निदेश दिया गया कि संचिका के निष्पादन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

**(vii) राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया** :– बैठक में बताया गया कि इस मद में प्राप्त कुल राशि 2.57 करोड़ को भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जा चुका है, लेकिन भवन निर्माण विभाग द्वारा संपूर्ण राशि का उपयोग नहीं किया गया है, इस संबंध में भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को स्थिति स्पष्ट करने के संबंध में पत्र दिया गया है।

निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र भवन निर्माण विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

**(viii) Door Step Delivery of Maps**:– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि इसके लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर में बैंक के पेमेंट गेटवे को संबंद्ध करने के लिए बैंक से संपर्क किया गया है। साथ ही डिस्पैच मॉडयूल को सॉफ्टवेयर के संबंद्ध करने की कार्रवाई की जा रही है।

निदेश दिया गया कि इस योजना की शुरूआत 26 जनवरी, 2021 से किया जाना है, अतः 20 जनवरी के पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाए।

**(ix) हवाई सर्वेक्षण एजेंसी की समीक्षा** :– बैठक में बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा अपने कार्य में प्रगति नहीं लाई जा रही है एवं एजेंसी के कर्मियों के द्वारा भुगतान न होने के कारण अनेक जिलों में कार्य बंद कर दिया गया है। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 से कारण पृच्छा की गई है।

निदेश दिया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से स्पष्टीकरण का जबाव प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

189

**(x) DoLR Status:**— प्रतिवेदित किया गया कि MIS के Component की प्रविष्टि का कार्य किया जा रहा है एवं वर्त्तमान स्थिति निम्नवत् है:—

**DILRMP Work Progress Status**

| | MIS Components | Dec week 3 | Dec week 5 |
|---|---|---|---|
| **Status - Green** | | | |
| 1 | RECORD OF RIGHTS ON WEB | 100% | 100% |
| 2 | STATE DATA CENTRE SETUP | 100% | 100% |
| 3 | CITIZEN CENTRIC SERVICES | 100% RoR Only | 100% RoR with Maps |
| 4 | DIGITIZATION OF CADASTRAL MAPS | 99.67% | 99.67% |
| 5 | AUTOMATION OF SUB-REGISTRAR OFFICES | 96.83% | 100% |
| 6 | COMPUTERIZATION OF LAND RECORDS (RECORD OF RIGHTS) | 76.91% | 76.91% |
| **Status - Yellow** | | | |
| 7 | TEHSIL MODERN RECORD ROOM | 31.94% | 31.94% |
| **Status - Red** | | | |
| 8 | INTEGRATION OF LAND RECORDS & PROPERTY REGISTRATION | 7.14% | 100% |
| 9 | SURVEY/RE-SURVEY | 0.10% | 0.10% |
| 10 | BHU-NAKSHA CUSTOMIZATION | 0.01% | 0.01% |
| 11 | TEXTUAL AND SPATIAL DATA INTEGRATION | 0.00% | 0.08% |

निदेश दिया गया कि क्रम संख्या— 10 और 11 में प्रविष्टि करने के लिए भारत सरकार से संपर्क कर प्रविष्टि करना सुनिश्चित किया जाए।

**(xi) भू—अभिलेखों का स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन** :— निदेश दिया गया कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दिए गए निदेश के अनुपालन में प्रस्ताव तैयार कर यथाशीघ्र उपस्थापित किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(जय सिंह) 7/1/21
निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक:** — 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019......55......**पटना, दिनांक :—07-01-2021**

प्रतिलिपि:— सहायक निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Proceeding\Proceeding_06-01-2021.docx

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019........55........**पटना, दिनांक** :–07-01-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री अम्बुनाथ वर्मा/श्री शैलेन्द्र कुमार ओझा, प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप/श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019........55........**पटना, दिनांक** :–07-01-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री कंचन कपूर, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019........55........**पटना, दिनांक** :–07-01-2021

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019........55........**पटना, दिनांक** :–07-01-2021

**प्रतिलिपि**:– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप